कार्यालय पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-06.12.2024

विषयः-थाना मिर्जामुराद पुलिस ने 02 अदद चोरी की पीली धातु की अंगूठी के साथ अभियुक्त नितेश को किया गिरफ्तार*

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त राजातालाब के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 06.12.2024 को थाना मिर्जामुराद पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम चक्रपानपुर के पास स्थित नहर पुलिया के पास से अभियुक्त नितेश कुमार पुत्र कैलाश, नि0-ग्राम गौर, थाना मिर्जामुराद, जनपद वाराणसी उम्र-40 वर्ष को गिरफ्तार कर अभियुक्त के निशादेही पर 02 अदद चोरी की अंगूठी (पीली धातु की) बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण— पूछताछ के दौरान अभियुक्त उपरोक्त ने बताया की साहब हम टेन्ट लगाने का काम करते है दिनांक 02/12/2024 को ग्राम गौर में एक घर में शादी प्रोग्राम था मै भी टेन्ट लगाने गया था टेन्ट लगाने के दौरान मौका पाकर अंगूठी चोरी कर लिया था। आज अंगूठी बेचने के फिराक में थे की आप लोगो ने पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

नितेश पुत्र कैलाश, नि0 ग्राम गौर, थाना मिर्जामुराद, जनपद वाराणसी, उम्र-30 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग-

मु.अ.सं. 0263/2024 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस थाना मिर्जामुराद कमिश्नरेट वाराणसी

बरामदगी का विवरण—

02 अदद पीली धातु की अंगूठी बरामद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

उ0नि0 रामचन्द्र यादव, थाना मिर्जामुराद, कमि0 वाराणसी।

उ0नि0 जयशंकर सिंह, थाना मिर्जामुराद, कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त,
गोमती ज़ोन
कमिश्नरेट वाराणसी